एक नजर में

धार ग्रामीण में धीरज बालेश्वर बने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष

मनावर :- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंतजी खंडेलवाल की सहमति से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री भगवानसिह परमार ने मोर्चा के जिलाध्यक्ष घोषित कि जिसमें धार ग्रामीण जिले में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के मनावर नगर के युवा ,ऊर्जावान, कुशल ,नेतृत्वकर्ता को धार ग्रामीण जिले का प्रथम जिलाध्यक्ष श्री धीरज जी बालेश्वर की नियुक्ति की है इनकी नियुक्ति पर भाजपा धार ग्रामीण जिले में हर्ष है इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण जिला कार्यालय में उनका हार्दिक स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन भाजपा धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने मिठाई खिलाकर पुष्प माला एवं भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर बधाई शुभकामनाएं देते हो कहा कि उनके कुशल नेतृत्व उज्जवल कार्यकाल में संगठन को एक नई ऊंचाई तक ले जाने काम भाजपा संगठन करेगा इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री लोकेश जी मुकाती, जिला सह मीडिया प्रभारी अंकित शुक्ला, भाजपा मनावर नगर मंडल अध्यक्ष मोनू पाटीदार मंडल महामंत्री अमित शर्मा, कार्यालय मंत्री . रामेश्वर धनगर ,दिनेश जौहरी, विकास पाटीदार ,दिनेश शिंदे ,सुनील गुप्ता, पवन पाटीदार ,नीरजगर्ग यश तोमर ,आदि लोगों ने स्वागत किया एवं .नगर मंडल के जनप्रतिनिधि सहित अनेक कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर , ने दी

रिंगनोद में गणगौर उत्सव का भव्य समापन, नृत्य संग नगर भ्रमण

सरदारपुर । रिंगनोद में क्षत्रिय सीरवी समाज द्वारा आयोजित योगमाया मंदिर में गणगौर उत्सव का भव्य समापन हुआ। उत्सव के अंतिम दिन पूरे नगर में एक आकर्षक और श्रद्धामय जुलूस निकाला गया। यह जुलूस योगमाया मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होता हुआ गणगौर चौक तक पहुंचा। जुलूस में ट्रैक्टरों पर सुंदर और आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिनमें भगवान ईश्वर और गणगौर माता के विभिन्न रूपों का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते हुए नजर आए। जुलूस के दौरान गायिकाओं और स्थानीय गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को और भी जीवंत बना दिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और सजावट ने जुलूस को एक अलग ही स्वरूप दिया, मानो भोलेनाथ की बारात निकल रही हो। इस दौरान नंदी महाराज की आकर्षक प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं, अलग-अलग झांकियों में कलाकारों ने विविध वेशभूषा में शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों के मनोरंजन के लिए गोरिल्ला और मिकी माउस के रूप में कलाकार नजर आए, जिन्होंने नृत्य और अभिनय से सभी का मन मोह लिया। जुलूस के दौरान कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया और माताजी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। मंदिर प्रांगण में डांडिया रास का भी आयोजन किया गया, जिसमें चोर, सेठ और पुलिस के रूप में कलाकारों ने रोचक प्रस्तुति देकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। अंत में जुलूस गणगौर चौक पहुंचा, जहां महिलाओं और पुरुषों ने सिर पर गणगौर माता को धारण कर अंतिम नृत्य किया और पूरे उत्सव का विधिवत समापन हुआ।

आंगनवाड़ी में विद्यारंभ ग्रेजुएशन सेरेमनी प्रवेश उत्सव समारोह संपन्न

धार । महिला एव बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत 5-6 वर्ष के बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरित करने और आंगनवाड़ी केंद्र 36 मेवातीपुरा 37 छत्रीपुरा पर प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा हेतु आज वार्ड क्र 18 में क्षेत्र की आंगनवाड़ीकेंद द्वारा क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सारिका अजय सिंह ठाकुर और भाजपा के वरिष्ठ नेता मुनालाला जी राठौर के मुख्य आतिथ्य में विद्यारंभ ग्रेजुएशन सेरेमनी(प्रवेश उत्सव समारोहए) का आयोजन भव्य रूप से क्षेत्रीय जनता की उपस्थिति में किया गया । जिसमें सर्वप्रथम आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीमती ठाकुर और राठौड़ जी का स्वागत किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा बच्चों को प्रमाणपत्र वितरित कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का संचालन कार्यकर्ता रुकैया कुरैशी ने एव आभार किरण यादव ने माना। इस अवसर पर मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि अजय सिंह ठाकुर एड,गेंदालाल जी सहायिका ज्योति यादव,तंजील खान सहित बच्चों के अभिभावक सहित सैकड़ों आम जन उपस्थित थे। उक्त जानकारी रुकैया कुरैशी ने दी

गुरुकुल एकेडमी टांडा का पंचम लहराया- 5वीं बोर्ड परीक्षा में राजवीर ने किया टॉप!

टांडा- शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके गुरुकुल एकेडमी टांडा के नन्हे सितारों ने 5वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के संतुलित शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन का सुखद परिणाम एक बार फिर सबके सामने है। ??? शीर्ष तीन स्थान पर रहे मेधावी छात्र ?परीक्षा परिणामों में राजवीर नवीन सोनी ने 90त्न अंकों के साथ विद्यालय की सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।उनके साथ ही दिशानी अंकित शर्मा ने 87त्न अंकों के साथ द्वितीय और गीतांश यशवंतसिंह मंडलोई ने 86.75त्न अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल कर अपनी योग्यता सिद्ध की है। विद्यालय के इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत से सफलता प्राप्त की- टॉप 10 होनहार- हर्ष शर्मा (85.5त्न), परक मोरी (85.5त्न), गुंजन चौहान (85.25त्न), मानव कुशवाह (82.5त्न), विनायक रावत (82.25त्न), मोहित बघेल (82त्न), और शिवराज अलावा (80.25त्न)। शानदार प्रदर्शन- लकी राठौड़ (79.75त्न), मनीष सोलंकी (79.5त्न), करीना रावत (79त्न), शिवानंद रावत (79त्न), पायल सिंघार (77.75त्न), हिमानी राठौड़ (77.5त्न), कृष्णा जामकर (77.25त्न), रेहान खान (77त्न), राजकुमारी चौहान (76.75त्न), प्रियांशी अलावा (76.5त्न), माही जैन (76.5त्न), और वर्षा प्रजापत (76.5%)।

सिरवी समाज की फूल पाती का चल समारोह

गणगौर महापर्व - यमराज द्वारा मनुष्य के कर्मों का लेखा-जोखा दर्शाती झांकी

सिंघाना । गणगौर के चौथे दिन मंगलवार को सकल सीरवी समाज ने बड़ी पाती चल समारोह निकाला। यात्रा आई माता मंदिर चौक से शुरू होकर सदर बाजार सहित नगर के प्रमुख मागों से होती हुई प्राचीन झंडा चौक पहुंची। पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। चल को समारोह में आकर्षक झांकियों ने सभी का ध्यान खींचा। भीष्म पितामह की बाणों की शैया, और धर्म का संदेश देते हुए, यमराज द्वारा मनुष्य के कर्मों का लेखा-जोखा दर्शाती झांकी विशेष आकर्षण रही। साथ ही साथ श्रीनाथजी की झांकी पर श्रीनाथजी का नृत्य करते रहे, गौरैया दिवस की झांकी पेड़ बचाओ जीव जंतुओं को महत्व आधारित झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहे, महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने जोकर कार्टूनजैसे विभिन्न रूप धारण कर माहौल को जीवंत बना दिया। हनुमानजी और वन्य देवताओं के स्वरूप भी आकर्षण का केंद्र रहे। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। परंपरा अनुसार समाजजन अयोध्या चौपाटी पहुंचे। अन्य समाजों को आमंत्रित कर जुलूस के साथ वापस मंदिर लाए। आई माता मंदिर चौक पर समाज अध्यक्ष कमल मुकाती और सर्वी समाज के पांच गणों ने अतिथियों और ग्रामीणों का स्वागत किया। झंडा चौक पर आयोजित पाती कार्यक्रम में 5 हजार से अधिक लोगों ने भाग लेकर गणगौर पर्व का आनंद लिया। आज क्षत्रिय सर्वी समाज के संयुक्त तत्वाधान में बरसों से चली आ रही शौर्य, शक्ति और पराक्रम दिखाने की परंपरा गुड तोड़ का आयोजन सिंघाना का हृदय स्तंभ झंडा चौक में किया जाएगा। वही शाम होते हुए झंडा चौक पर 80 गणगौर एक साथ नृत्य करेगी गणगौर नृत्य की सतरंगी छठा सब को मन मोहित कर देगी, जिसे देखने के लिए आसपास के 25 गांव के लोग एकत्रित होंगे।

विद्योदय परिसर के गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई ग्रेजुएशन सेरेमनी

बाकानेर- प्रतिष्ठित विद्योदय इंटरनेशनल स्कूल की शाखा विद्योदय किड्स,बाकानेर द्वारा विद्योदय परिसर में नन्हे विद्यार्थियों के लिए भव्य एवं भावनात्मक ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अतिथियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। नन्हे विद्यार्थियों ने नृत्य, भाषण एवं आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का सुंदर प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।इस अवसर पर विद्योदय शिक्षण समिति के संचालक मंडल के सदस्य – डॉ. नीलेश रावका, विपुल गंगवाल, आशीष गंगवाल, विवेक बड़जात्या, आयुष जैन, श्याम गुप्ता एवं श्री नितिन नामदेव की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों द्वारा ग्रेजुएट हो रहे विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन कैप पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बड़जात्या ने संबोधन किया

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं श्री विपुल जी गंगवाल एवं श्रीमती बरखा जी बड़जात्या ने अपने प्रेरक संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर सीखते रहने, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अभिभावकों को भी बच्चों की शिक्षा और विकास में उनके सहयोग एवं विश्वास के लिए धन्यवाद दिया गया।विद्यालय प्रशासन द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती दीपा पाटीदार द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवं अंत में आभार एकेडमिक कॉर्डिनेटर श्रीमती अंकिता जैन द्वारा व्यक्त किया गया।

मनावर गायत्री शक्तिपीठ में नवकुंडीय हवन के साथ चैत्र नवरात्रि संपन्न

मनावर- गायत्री शक्तिपीठ मनावर में इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का पर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान एवं गायत्री शक्तिपीठ मनावर के मार्गदर्शन में धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम को प्रमुख रूप से संचालित करते हुए पंडित राकेश पुरोहित ने बताया कि इस वर्ष नवरात्र का पर्व रचनात्मक गतिविधियों के साथ ध्यान जप साधना एवं नव कुंडीय हवन के साथ संपन्न कराया गया नव कुंडीय हवन के मध्य ही विविध सभी तरह के संस्कार शक्ति पीठ पर प्रतिदिन संपन्न कराई जा रहे हैं तथा नव कुंडीय हवन के मध्य नगर के बच्चों को विशेष उपहार ट्रस्ट समिति द्वारा प्रदान की गई, गायत्री शक्तिपीठ के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे माताओ बहनों को ट्रस्ट समिति द्वारा देव चित्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में प्रतिदिन 15 जोड़े सहित गायत्री परिवार के कार्यकर्ता एवं पटेल कॉलोनी सहित नगर मनावर धर्म प्रेमियों ने बढ़ चढ़कर साधना ध्यान जप और नव कुंडी हवन का लाभ लिया कार्यक्रम में नियमित रूप से गायत्री शक्तिपीठ के योगेश जी मालवीय, (व्यवस्थापक गायत्री शक्तिपीठ मनावर) अखिलेश जायसवाल (उपाध्यक्ष) अखिलेश पाटीदार (कोषाध्यक्ष गायत्री शक्तिपीठ मनावर) मोनू जी पाटीदार +भाजपा मंडल अध्यक्ष) ,सुखदेव ममता राठौर, संतोष जी पाटीदार, बलराम पुष्पा राठौड़, आशा पाटीदार, ,गायत्री राठौर, एवं अन्य सभी नगर वासियों ने जोड़े एवं परिवार सहित अनुष्ठान में अपनी साझेदारी सुनिश्चित कर नव कुंडी हवन का लाभ लेकर पुण्य एवं धर्मापकार कार्य में अपनी अपनी सांझेदारी सुनिश्चित की, चैत्र नवरात्रि अनुष्ठान के अंतर्गत के नव कुंडीय हवन के माध्यम से गायत्री महामंत्र की आहुतियां गूंजती रही तथा विशेष आहुतियां देकर विश्व कल्याण की प्रार्थना की गई इस मध्य अनेक झूठी परंपरा और प्रथा (मृत्यु भोज ,बलि प्रथा, दहेज प्रथा , खर्चीली शादी,आदि कुरीतीयो पर विशेष चिंतन प्रस्तुत कर को समाज आडंबर ही आरती खावे की रीति रिवाज को दूर कर अपने विवेक को महत्व देने की अपील की गई.

आंगनवाड़ी के बच्चों का हुआ विद्यारंभ ,औपचारिक शिक्षा की ओर बड़े कदम

कुक्षी। महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशों के अनुरूप एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना कुक्षी में %विद्यारंभ% समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन के निर्देशन एवं परियोजना अधिकारी सुश्री मंजुला बघेल के मार्गदर्शन में वार्ड क्रमांक 3 (प्रथम एवं द्वितीय) की आंगनवा?यों में बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

मध्य प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा को नई पहचान देने के उद्देश्य से शुरू की गई इस ऐतिहासिक पहल के तहत 5 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को औपचारिक स्कूली शिक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद श्रीमती माया पाटीदार, पूर्व उपाध्यक्ष लोकेश सरदार एवं मोहन चोपड़िया द्वारा बच्चों को %विद्यारंभ प्रमाण पत्र% प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

उद्देश्य- सुगम हो स्कूली शिक्षा की राह

इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य बच्चों के अनौपचारिक शिक्षा (आंगनवा?ी) से औपचारिक स्कूली प्रणाली में प्रवेश को सरल और सुगम बनाना है। साथ ही, समाज और अभिभावकों को शाला पूर्व शिक्षा के प्रति जागरूक करना है ताकि आंगनबा?ी केंद्र प्रारंभिक शिक्षा के सशक्त केंद्र के रूप में स्थापित हो सकें।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबा?ी कार्यकर्ता श्रीमती मीनाक्षी परसाई, श्रीमती हंसा पाटीदार, श्रीमती गायत्री नारायण गुप्ता,आशा कार्यकर्ता रंजना सराफ, एएनएम निर्मला डाबर सहित सुरेश पाटीदार, कमलेश परसाई, नवीन शर्मा, पिंकेश पाटीदार, कमलेश पाटीदार, आयाज खत्री और मो. शाबीर खत्री उपस्थित रहे।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगे एचपीवी के टीके

सरदारपुर । अनुविभागी अधिकारी सलोनी अग्रवाल द्वारा विकासखंड के सभी विभाग प्रमुख को निर्देश दिए गए की अपने अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों को ।क्क्ष टीकाकरण के लिए सहयोग करें जनता में होने वाली भ्रांतियां को दूर करें यह टीका सर्वाइकल कैंसर के लिए पूर्ण रूप से सुरक्षित है इसके लिए ढ्ढश्रष्ट की जाये एवं प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी दिए आम जनता में इस टीके के लिए किसी प्रकार की भ्रांतियां ना रहे इसका भी प्रचार प्रसार किया जाए किसी प्रकार की भ्रांतियां ना रहे सर्वाइकल कैंसर के बचाव के लिए 14 वर्ष से 15 वर्ष के बीच की बालिकाओं को इस गंभीर बीमारी से बचने के लिए टीकाकरण अभियान 28 फरवरी से सिविल हॉस्पिटल सरदारपुर किया गया है किंतु वर्तमान में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिंगनोद राजगढ़ सरदारपुर अमझेरा दसई बरमंडल बाँदेड़ी एवं राजोद में प्रारंभ किया है गया है जिसमें यह टीका 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी बालिका एवं 15 वर्ष के बीच की बालिकाओं को लगेगा पहले यह टीका प्राइवेट अस्पतालों में लगता था जो बहुत महंगा होने के कारण आम नागरिक की पहुंच से दूर है अब यह टीका शासकीय सिविल अस्पताल सरदारपुर के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केदो पर उम्र विशेष की बालिकाओं को निशुल्क लगाया जा रहा है यह टीका कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में एक बीमारी सर्वाइकल कैंसर भी है उसकी सुरक्षा के लिए यह टीका 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी बालिका 15 वर्ष के बीच की बालिकाओं को लगाया जा रहा है मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शीला मुजाल्दा ने आम नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी बालिकाएं एवं 15 वर्ष के बीच की अपनी बालिकाओं को यह टीका लगवाएं खास करके बालिका के माता-पिता टीका लगाने की सहमति प्रदान करें जिससे कर्मचारीयो कोटीका लगाने,मे सुविधा मिले कुछ भ्रम फेलने के कारण आशा कार्यकर्ताटीका लगाने केलिए जब बालिका से संपर्क कर प्रेरित करतेहे तो माता-पिता भानालेकर इनकार कर देते हैं जिससे आशा कार्यकर्ताओ निराशा मिलती हे, टीका लगाने से क्या फायदे हैं जब बालिकाओं के माता-पिता को जानकारी देते हैं तो फिर वह प्रेरित होकर अनुमति देता है बहुत ही जल्द सभी कीमेहनत से लक्ष्यपुरा हो जाएगा -मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी शीला मुजाल्दा सरदारपुर.

एक नजर में

27 स्वीकृति पत्रक अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किए गए

जनपद पंचायत बाग में संकल्प से समाधान अभियान संपन्न

बाग - जनपद पंचायत बाग में बुधवार को संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत तृतीय चरण का विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन गरिमामय पुर्ण आयोजित हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया इसके तत्पश्चात् विष्णु कुमार गुप्ता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बाग के द्वारा शिविर मे उपस्थित अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया एवं शिविर के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई

शिविर में विभिन्न विभाग अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया । एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना 22 दिव्यांग पेंशन योजना,01 कल्याणी पेंशन योजना,01 संबंध योजना अंतर्गत,03 पात्र हितग्राही सहित कुल 27 स्वीकृति पत्रक अतिथियों के द्वारा प्रदाय किए गये । शिविर में विभागों के कुल 17 आवेदन प्राप्त हुआ । समस्त विभागो के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा अपने अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित जानकारी जनपद पंचायत बाग के पीसीओ बलराम अलावा द्वारा दी गई।

नशामुक्ति अभियान की दिलाई शपथ

साथ ही संकल्प से समाधान अभियान के तहत नशामुक्ति अभियान की सभी उपस्थित हितग्राहियों अधिकारियों के द्वारा शपथ भी ली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकरीबाई नारायण भूरिया,द्वारा की गई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया, विशिष्ट अतिथि धर्मेन्द्र बामनिया सरपंच ग्राम पंचायत बाग, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी एस बघेल, बीआरसी धर्मेन्द्र ठाकुर ,कैलाश भंवर सरपंच प्रतिनिधि जामला,विधायक प्रतिनिधि भारत मंडलोई,जामसिह पटेल सरपंच ग्राम पंचायत पाडल्या,कैलाश डावर सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत महाकालपुरा, कार्यक्रम में समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारियों उपस्थित रहे और अपने अपने विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी उनके द्वारा दी गई।